Total No. of Questions - 11] [Total Pages : 7

**(2062)**

# 9703

**M.A. Examination**

ECONOMICS

(Indian Economy)

Paper–X

(Semester–IV)

Time : Three Hours] [Max. Marks : { Regular : 80; Private/ICDEOL : 100 }

*The candidates shall limit their answers precisely within the answer-book (40 pages) issued to them and no supplementary/continuation sheet will be issued.*

**परीक्षार्थी अपने उत्तरों को दी गयी उत्तर-पुस्तिका (40 पृष्ठ) तक ही सीमित रखें। कोई अतिरिक्त पृष्ठ जारी नहीं किया जायेगा।**

**Note :** Attempt *six* questions in all. Question No. 1 (with 10 short questions) is compulsory and carries 20 marks. Each short question is to be answered in 5 lines and carries 2 marks. Attempt *one* question from each of the five units. Each question shall carry 12 marks for regular and 16 marks for Pvt./ICDEOL candidates.

नोट : कुल छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या 1 (10 लघु प्रश्नों वाले) अनिवार्य है जो 20 अंकों का है। प्रत्येक लघु उत्तरीय प्रश्न का उत्तर 5 पंक्तियों में देना है और ये 2-2 अंक के हैं। प्रत्येक पाँच इकाइयों में से **एक-एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न नियमित परीक्षार्थियों के लिए 12-12 अंकों का और Pvt./ICDEOL परीक्षार्थियों के लिए 16-16 अंकों का है।

## Compulsory Question

## (अनिवार्य प्रश्न)

**1.** Write short notes on the following :

(i) Growth rate.

(ii) Relative poverty.

(iii) Occupational distribution.

(iv) Public Distribution System (PDS).

(v) Concept of privatization.

(vi) Industrial concentration.

(vii) Demand pull inflation.

(viii) Parallel economy.

(ix) Components of balance of payment.

(x) Generational poverty.

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(i) वृद्धि दर।

(ii) सापेक्ष निर्धनता।

(iii) व्यवसायगत वितरण।

(iv) सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी.डी.एस.)।

(v) निजीकरण की अवधारणा।

(vi) औद्योगिक संकेन्द्रण।

(vii) माँगजन्य मुद्रास्फीति।

(viii) समान्तर अर्थव्यवस्था।

(ix) भुगतान सन्तुलन के घटक।

(x) पीढ़ीगत निर्धनता।

## UNIT–I

## (इकाई-I)

2. Discuss the main features of Indian economy and explain to what extent these are responsible for the slow growth of our economy.

भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए तथा वर्णन कीजिए कि हमारी अर्थव्यवस्था की मन्द वृद्धि के लिए ये किस सीमा तक उत्तरदायी हैं।

3. Write a note on trends in the nature and magnitude of poverty, inequality and unemployment in India.

भारत में निर्धनता, असमानता एवं बेरोजगारी की प्रकृति तथा परिमाण की अभिवृत्तियों पर एक टिप्पणी लिखिए।

## UNIT–II

## (इकाई-II)

4. Differentiate between production and productivity? What are the causes of low productivity in Indian agricultural sector? Examine the contribution of new agricultural strategy in enhancing productivity.

उत्पादन तथा उत्पादकता में अन्तर कीजिए। भारतीय कृषि क्षेत्र में निम्न उत्पादकता के कौन-कौन से कारण हैं? उत्पादकता की वृद्धि में नवीन कृषि कार्यनीतियों के योगदान का परीक्षण कीजिए।

5. Explain the importance of cottage and small-scale industries in Indian economy. What are their problems? What measures would you suggest to promote their growth?

भारतीय अर्थव्यवस्था में कुटीर एवं लघु पैमाने के उद्योगों के महत्त्व का वर्णन कीजिए। उनकी क्या समस्याएँ हैं? उनके विकास को प्रोत्साहित करने के लिए आप किन-किन उपायों का सुझाव देंगे?

## UNIT–III

## (इकाई–III)

6. Discuss the objectives and role of fiscal policy with reference to Indian economy. To what extent have they been achieved? What are the negative effects of fiscal policy?

भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में राजकोषीय नीति के उद्देश्यों तथा भूमिका की विवेचना कीजिए। उन्हें किस सीमा तक हासिल किया जा चुका है? राजकोषीय नीति के नकारात्मक प्रभाव कौन-कौन से हैं?

7. Explain the growth and structure of subsidies in India. Point out the advantages and disadvantages of subsidies.

भारत में सब्सिडी की वृद्धि तथा संरचना का वर्णन कीजिए। सब्सिडी के लाभों तथा हानियों को इंगित कीजिए।

## UNIT–IV

## (इकाई-IV)

8. Give an account of the main features of India's foreign trade since independence. Elucidate the recent changes in the composition and direction of India's foreign trade.
स्वतन्त्रता प्राप्ति से भारत के विदेशी व्यापार की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। भारत के विदेशी व्यापार की संरचना तथा दिशा में हालिया परिवर्तनों का विवरण दीजिए।

9. Examine the problems of deficits in India's balance of payments. Discuss the measures taken by government of India to improve the balance of payment.
भारत के भुगतान सन्तुलन में घाटे की समस्याओं का परीक्षण कीजिए। भुगतान सन्तुलन को सुधारने के लिए भारत सरकार द्वारा किये गये उपायों की विवेचना कीजिए।

## UNIT–V

## (इकाई-V)

10. Describe the main objectives and strategies of economic planning in India. Account for its successes and failure.
भारत में आर्थिक नियोजन के प्रमुख उद्देश्यों तथा कार्यनीतियों का वर्णन कीजिए। इसकी सफलता तथा असफलता के कारण बताइए।

**11.** Explain the main causes responsible for poverty. Briefly discuss the main poverty alleviation programmes of the government of India.

निर्धनता के लिए उत्तरदायी प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए। भारत सरकार के प्रमुख निर्धनता उन्मूलन कार्यक्रमों की संक्षेप में विवेचना कीजिए।

---